# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

## राष्ट्रीय सेवा योजना

# सेवा पथ

### मासिक ई-पत्रिका

- वर्ष - 1
- अंक - 3
- अक्टूबर, 2023


प्रकाशक

राष्ट्रीय सेवा योजना



coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in

Arogya Dham, Balapar Road, Sonbarsa, Gorakhpur-273007 (U.P.) coordinator.nss@mgug.ac.in www.mgug.ac.in

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## विश्वविद्यालय संगठन

कुलपति : मेजर जनरल (डॉ.) अतुल वाजपेई
कुलसचिव : डॉ. प्रदीप कुमार राव
कार्यक्रम समन्वयक : डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

## इकाई एवं कार्यक्रम अधिकारी

| इकाई सं0 | इकाई कोड | इकाई का नाम | कार्यक्रम अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | UP-80/001/23/001 | महायोगी आदिनाथ | डॉ विकाश कुमार यादव |
| 2 | UP-80/002/23/101 | महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ | डॉ जशोवन्त डनसना |
| 3 | UP-80/003/23/201 | महायोगी उदयनाथ | श्री धनन्जय पाण्डेय |
| 4 | UP-80/004/23/301 | महायोगी सत्यनाथ | सुश्री श्रुति कुशवाहा |
| 5 | UP-80/005/23/401 | महायोगी संतोषनाथ | सुश्री सुप्रिया गुप्ता |
| 6 | UP-80/006/23/501 | महायोगी अचल-अचम्बेनाथ | सुश्री सत्यभामा सिंह |
| 7 | UP-80/007/23/601 | महायोगी गजकन्थड़नाथ | सुश्री खुशबू |
| 8 | UP-80/008/23/701 | महायोगी चैरंगीनाथ | सुश्री अमिरता |

## सम्पादक

डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

## ग्राफिक्स एवं डिजाइन

श्री शारदानन्द पाण्डेय

# राष्ट्रीय सेवा योजना एक नजर में...

भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा छात्रों का प्रथम कर्तव्य उनके अध्ययन की अवधि को केवल बौद्धिक ज्ञान तक ही सीमित न रखकर स्वयं को ऐसे व्यक्तियों की सेवा में समर्पित करना है जिन्हें राष्ट्र की वस्तुओं और सेवाओं की आवश्यकता हो और उन्हें हमारे देश की आवश्यक वस्तुएं प्रदान की जा सके, जो कि समाज के लिए अतिआवश्यक है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् डॉ. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में स्वैच्छिक आधार पर शैक्षिक संस्थाओं में "**राष्ट्रीय सेवा**" आरम्भ करने की सिफारिश की गयी थी। सन् 1959 में शिक्षा मंत्री के सम्मेलन के समक्ष योजना का एक मसौदा रखा गया। इस दिशा में सटीक सुझाव देने के लिए **28 अगस्त, 1959** को **डॉ. सी. डी. देशमुख** की अध्यक्षता में एक "**राष्ट्रीय सेवा समिति**" का गठन किया गया।

सन् 1960 में भारत सरकार की पहलता पर प्रो. के.जी. सैय्यदेन ने विश्व के कई देशों में छात्रों द्वारा क्रियान्वित "**राष्ट्रीय सेवा**" का अध्ययन किया और कई सिफारिशों के साथ सरकार को युवाओं के लिए "**राष्ट्रीय सेवा**" शीर्षक के तहत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. डी.एस. कोठारी (1964–66) की अध्यक्षता में शिक्षा आयोग ने यह सिफारिश दी की शिक्षा के सभी स्तरों पर छात्रों को सामाजिक सेवा के किसी रूप से जोड़ा जाना चाहिए। इस पर अप्रैल, 1967 में राज्य शिक्षा मंत्री द्वारा उनके सम्मेलन के दौरान विचार किया गया की "**राष्ट्रीय सेवा योजना**" (एन.एस.एस.) नामक एक नया कार्यक्रम प्रदान किया जा सकता है। सितम्बर, 1969 में सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति के सम्मेलन में इस सिफारिश का स्वागत किया गया।

मई. 1969 में शिक्षा मंत्रालय तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थाओं के छात्र प्रतिनिधियों के सम्मेलन में घोषणा की गई कि "**राष्ट्रीय सेवा योजना**" राष्ट्रीय एकता के लिए सशक्त माध्यम हो सकती है। 24 सितम्बर, 1969 को तत्कालीन शिक्षामंत्री डॉ. वी.के. आर.वी. राव ने सभी राज्यों को शामिल करते हुए 37 विश्वविद्यालयों में "**राष्ट्रीय सेवा योजना**" (एन.एस.एस.) कार्यक्रम आरंभ किया। जिसका प्रथम उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व और चरित्र का विकास करना ही नही अपितु '**सेवा के माध्यम से शिक्षा देना**' ही राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य है।

आज राष्ट्रीय सेवा योजना विश्व भर में राष्ट्रीय विकास, सेवा, शांति, राष्ट्र निर्माण की दिशा में कार्य करने वाले छात्र समूह की सबसे बड़े रचनात्मक संगठन के रूप में हमारे सामने है। राष्ट्रीय सेवा योजना ने अपने गौरवशाली वर्षों में युवा जागरुकता, राष्ट्र निर्माण और विश्व शांति के लिए अनेकानेक कार्यक्रमों के साथ अपनी पहचान बनाई है। ऐसे महान संगठन में आपका स्वागत है।

आइए! हम सब मिलकर एक समृद्ध राष्ट्र, एक विकसित राष्ट्र, एक जागृत राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान दें।

जय हिंद, जय भारत।

# कार्ययोजना

राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को सृजनात्मक एवं रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित कर समाज सेवा का अवसर प्रदान कर उनके व्यक्तित्व को निखारने एवं भविष्य में उन्हें कर्त्तव्यनिष्ठ, संवेदनशील तथा उपयोगी नागरिक के रूप में सवारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। राष्ट्रीय सेवा योजना से प्राप्त प्रमाण–पत्र स्वयं सेवकों के अच्छे भविष्य के निर्माण में सहायक हैं। विद्यार्थी शासकीय तथा गैर शासकीय सेवाओं में इन प्रमाण–पत्रों का प्रयोग कर सकते हैं। उच्चतर कक्षाओं के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के समय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण–पत्र धारक छात्रों को अतिरिक्त बोनस अंक भी दिये जाते हैं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत दो प्रकार के कार्यक्रमों का संचालन होते हैं :–**

**1. सामान्य कार्यक्रम** **2. विशेष शिविर कार्यक्रम**

**1.सामान्य कार्यक्रम :–**

सामान्य कार्यक्रम के अन्तर्गत **'राष्ट्रीय सेवा योजना'** में पंजीकृत प्रत्येक विद्यार्थी को स्वयं सेवक के रूप में एक वर्ष में कम से कम 120 घंटे का समाज सेवा कार्य करना पड़ता है और दो वर्ष की अवधि में अर्थात् 240 घंटे का समाज सेवा कार्य पूरा करने पर उसे विश्वविद्यालय / महाविद्यालय से प्रमाण पत्र दिया जाता है।

**2. विशेष शिविर कार्यक्रमः–**

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रत्येक इकाई द्वारा वर्ष में एक दस दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर विश्वविद्यालय महाविद्यालय के निकट किसी ग्राम में लगाया जाता है। विशेष शिविर में शिविर अनुभव भी अपना एक विशेष महत्व रखता है। इसमें भाग लेने वाले प्रतिभागी शिविर जीवन का अनुभव प्राप्त करते हैं तथा एक अच्छे नागरिक के कर्त्तव्य का पालन एवं समाज के लिए वे क्या सेवा कर सकते हैं इसका ज्ञान प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा स्थानीय आवश्यकताओं स्त्रोतों और कुशल व्यक्तियों को देखते हुए विविध प्रकार के कार्यक्रम अभिग्रहित क्षेत्रों में लिए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थीगण अन्य क्षेत्रों में भी कार्य के लिए स्वतंत्र होंगे।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियाँ होती हैं–**

- शिक्षा एवं मनोरंजन इसके अन्तर्गत साक्षरता, स्कूली शिक्षा पाठशाला छोड़ने वाले बच्चों की शिक्षा बालगृहों में कार्यशाला प्रवेश कार्यक्रम सांस्कृतिक गतिविधियाँ ग्रामीण एवं देशी खेलकूद सामाजिक बुराईयों के उन्मूलन पर चर्चाएं एवं जागरूकता के कार्यक्रमों का आयोजन मुख्य है।

- आपातकाल के कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रमुख रूप से लोगों को उनकी असहायता पर काबू पाने योग्य बनाने के लिए उनके साथ मिलकर कार्य करने सम्बन्धी कार्यक्रमों पर जोर देना चाहिए। इसके अलावा प्राकृतिक विपदाओं जैसे– भूकम्प, बाढ, तूफान आदि के आने पर सहायता और पुन्नर्वास कार्यो में स्थानीय लोगों अधिकारियों संस्थाओं को सहयोग देना प्रमुख हैं।

- पर्यावरण संवर्धन एवं परिक्षण ऐतिहासिक स्मारकों पुरावशेषों व अन्य सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं उनके प्रति चेतना पैदा करना पर्यावरण के प्रति समाज में चेतना जागृत करना वृक्षारोपण उनका बचाव और अनुरक्षण स्वच्छता के लिए सड़कों गलियों नालियों तालाबों पोखरों कुओं आदि की सफाई भूमि क्षरण की रोकथाम तथा भूमि सुधार गोबर गैस संयत्र सौर ऊर्जा के प्रयोग का प्रचार करना।

- स्वास्थ्य परिवार कल्याण और आहार पोषण कार्यक्रम टीकाकरण रक्तदान स्वास्थ्य शिक्षा और प्राथमिक स्वास्थ्य की देखभाल जनसंख्या शिक्षा और परिवार कल्याण रोगियों अनाथों वृद्धों की सहायता स्वच्छ पेयजल के प्रदाय की व्यवस्था एकीकृत बाल विकास तथा पौष्टिक आहार कार्यक्रमों का संचालन।

- महिलाओं के स्तर सुधार के कार्यक्रम महिलाओं की शिक्षा तथा उन्हें अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति सचेत करना उनके सशक्तीकरण के उपाय सुझाना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम संचालित करना।

- उत्पादनोन्मुखी कार्यक्रम उन्नत कृषि के तरीकों की जानकारी कीट व खरपतवार नियंत्रण भूमि परिक्षण एवं उपजाऊपन की देखभाल कृषि यंत्रों की देखभाल सहकारी समितियों के सुदृढ़ीकरण और उनके प्रोत्साहन के लिए फार्म पशु पालन कुक्कुट पालन पशु स्वास्थ्य के बारे में सहायता एवं मार्गदर्शन कृषि तकनीकों के प्रयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना आदि।

- अन्य गतिविधियाँ जो स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं के आधार पर की जाएँ।

## वृहद स्वच्छता अभियान

## सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय

दिनांकः **01 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय में माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई जी की अध्यक्षता व अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह जी के कुशल मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को 'स्वच्छांजलि' के साथ श्रद्धांजलि देने हेतु 'गांधी जयंती' की पूर्व संध्या पर आयोजित पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत 'स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान' का आयोजन किया गया।




स्वच्छता अभियान पर पर रैली निकालते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक

जिसमें विद्यार्थियों ने अनुशासित रैली के माध्यम से स्वच्छता संबंधी जानकारी साझा की। इस रैली में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वच्छता संबंधी स्लोगन एवं चित्रों को भी प्रस्तुत किया। जिनसे जनमानस को स्वच्छ वातावरण एवं उसका प्रभाव, भविष्य के लिए स्वच्छ वातावरण का सरंक्षण आदि के बारे में सुगमता से जागरूक किया जा सके। विद्यार्थियों द्वारा बालापार ग्राम के समीप विभिन्न गांवों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत विविध क्रियाकलापों द्वारा आसपास में व्याप्त गंदगी, कूड़े. कचरे आदि को साफ किया गया। विद्यार्थियों द्वारा ग्रामीणों को अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय जी ने अपनी देखरेख में सकुशल संपन्न कराया। जिसमें विश्वविद्यालय के माननीय कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव, सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के सहायक आचार्य डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. पवन कुमार कनौजिया, डॉ. अमित कुमार दुबे, डॉ. योगेंद्र सिंह, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, सुश्री प्रियांशी, श्री अनिल मिश्रा, डॉ. कीर्ति यादव आदि उपस्थित रहें।

## वृहद स्वच्छता अभियान

## महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई





स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत महात्मा गांधी जयंती के पूर्व संध्या पर स्वैच्छिक श्रमदान करते आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थी।

दिनांकः **01 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा 'एक तारीख, एक घण्टा, एक साथ' स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्बोधित स्वच्छता महाभियान में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित पुरूष छात्रावास, आयुष वाटिका, कॉलेज परिसर पंचकर्मा में सफाई कराया गया।

यह महाभियान राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी को 154वीं जयंती पर श्रद्धांजली के तौर पर स्वैच्छिक श्रमदान किया गया। महात्मा गाँधी भारत के स्वच्छता आन्दोलन के अग्रदूत थे। स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाते हुए उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त कराया गया।

इस कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस., डॉ. देवी आर नायर, डॉ. शंकर दयाल उपाध्याय एवं समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबन्त डनसना द्वारा कराया गया।

## वृहद स्वच्छता अभियान

## महायोगी अचल अचम्बेनाथ, महायोगी सत्यनाथ एवं महायोगी गजकन्ठड़नाथ



स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नर्सिंग कॉलेज परिसर में सफाई करती छात्राएं

दिनांकः **01 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न ईकाई के द्वारा 'एक तारीख, एक घण्टा, एक साथ' स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्‌बोधित स्वच्छता महाभियान सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में नर्सिंग कॉलेज में स्वैच्छिक श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसमें महायोगी अचल अचंभेनाथ, महायोगी सत्यनाथ और महायोगी गजकन्ठड़नाथ के सभी छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ लिया की वह प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता का कार्य करेंगी तथा दूसरों को भी स्वच्छता का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। इसके उपरांत नर्सिंग कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्राओं ने कॉलेज परिसर की सफाई का कार्य बड़े मनोयोग के साथ किया।

## वृहद स्वच्छता अभियान

## महायोगी संतोषनाथ

दिनांकः **01 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न ईकाई के द्वारा 'एक तारीख, एक घण्टा, एक साथ' स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उद्‌बोधित स्वच्छता महाभियान सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया गया। पैरामेडिकल संकाय के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में स्वैच्छिक श्रमदान का आयोजन किया गया जिसमें महायोगी संतोषनाथ के सभी छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ लिया की वह प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता का कार्य करेंगी तथा दूसरों को भी स्वच्छता का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। इसके उपरांत पैरामेडिकल कॉलेज के सभी शिक्षक एवं छात्राओं ने चिलुआताल बांध की सफाई का कार्य बड़े मनोयोग के साथ किया। समस्त कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व समस्त शिक्षकगण के निर्देशन में संपन्न कराया गया।।



स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत चिलुआताल बांध की सफाई करते विद्यार्थी

## वृहद स्वच्छता अभियान

## माँ पाटेश्वरी सेवा आश्रम

दिनांकः 01 अक्टूबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के माँ पाटेश्वरी सेवा आश्रम एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में महिला छात्रावास में स्वैच्छिक श्रमदान का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्रावासी छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ लिया की वह प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता का कार्य करेंगे तथा दूसरों को भी स्वच्छता का कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे इसके उपरांत छात्रावास में रहने वाली स्वयंसेविका एवं छात्रावासी छात्राओं ने अपने छात्रावास परिसर की सफाई का कार्य बड़े मनयोग के साथ किया।

कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षिका सुश्री प्रियांशी एवं सह अधीक्षिका श्रीमती प्रज्ञा पाण्डेय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री खुशबू, सुश्री अमृता के निर्देशन में संपन्न कराया गया।



स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण करतीं छात्रावास की छात्राएं।

## जयंती समारोह

## महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई एवं महायोगी आदिनाथ इकाई


महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर उद्‌बोधन देता विद्यार्थी

दिनांकः **02 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाइ एवं महायोगी आदिनाथ इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी जी की 154वीं जयन्ती, लाल बहादुर शास्त्री जी की 119वीं जयन्ती, युगपुरूष ब्रम्हलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं पुण्यतिथि एवं राष्ट्र सन्त ब्रम्हलीन महन्त अवेद्यनाथ जी महाराज की 9वीं पुण्यतिथि पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने युग पुरूष ब्रम्हलीन महन्त दिग्विजयनाथ जी महाराज की 54वीं पुण्यतिथि पर व्याख्यान देते हुए कहा महन्त दिग्विजयनाथ जी दूरदृष्टा संत होते हुए भी एक कुशल राजनितिज्ञ महान शिक्षाविद, समाज सुधारक व स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की बुनियाद रखी और शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा राष्ट्रीय विचारधारा के साथ भावी पीढ़ी के लिए प्रौद्योगिकी शिक्षा पर जोर देते हुए पॉलिटेक्निक कॉलेजों जैसे कई प्रौद्योगिकी संस्थाओं की नींव रखी। उन्होंने दिग्विजयनाथ जी, महन्त अवेद्यनाथ जी, लाल बहादूर शास्त्री एवं महात्मा गाँधी जी के जीवन परिचय से अवगत कराया।

इस अवसर पर बीएएमएस के प्रथम एवं द्वितीय व्यवसायिक सत्र के विद्यार्थियों ने भी महापुरूषों पर अपने–अपने विचार रखें। जिसमें मोनी कुमारी ने महात्मा गाँधी जी पर, अंशिका गुप्ता ने लाल बहादुर शास्त्री जी पर, सुधीर कुशवाहा ने महन्त अवेद्यनाथ जी पर, आशीष चौधरी ने स्वच्छ भारत पर भाषण दिया। अध्यक्षीय भाषण देते हुए आयुर्वेद कॉलेज के शैक्षणिक प्रमुख डॉ. नवीन के. ने कहा कि सभी महापुरूषों के जीवन से सीख लेते हुए उनके विचारों को हमें दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए जिससे हम स्व उन्नति के साथ–साथ राष्ट्रोन्नति कर सकते है। इस कार्यक्रम की तभी सार्थकता सिद्ध होगी। कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस छात्रा कोमल गुप्ता ने एवं आभार ज्ञापन डॉ. गोपी कृष्णा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ.प्रज्ञा सिंह एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ जशोबन्त डनसना ने किया।

## रक्तदान शिविर






द्वीप प्रज्ज्वलन करते माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई एवं रक्तदान करते कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे

दिनांकः **05 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए समाज सेवा को समर्पित, रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार बाजपेई ने चिकित्सालय में स्थापित बाबा गोरखनाथ जी की पूजा अर्चना के बाद द्वीप प्रज्ज्वलन कर प्रारंभ किया माननीय कुलपति जी के द्वारा शिविर उद्‌घाटन के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. एवं महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के संरक्षक डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव के द्वारा रक्तदान कर प्रारंभ किया गया इसके उपरांत विश्वविद्यालय में कार्यरत अध्यापक एवं कर्मचारी ने रक्तदाता के रूप में कड़ी ही लगा दी। शिविर की अगली कड़ी में सर्वप्रथम आयुर्वेद कॉलेज के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया उसके अगले चरण में संबंध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय एवं कृषि विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने रक्तदान किया एवं मध्यावकाश के उपरांत गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग एवं महंत अवैद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी एवं स्वयं सेवकों ने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ का हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर की समाप्ति के समय कुल 51 यूनिट ब्लड गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट्स सेंटर को समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

## महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाई



विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान देते डॉ. जशोबंत डनसना

दिनांकः 10 अक्टूबर, 2023 का महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस, (आयुर्वेद कॉलेज) में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाई द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. जशोबन्त डनसना ने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य भी आवश्यक है। हमें पांच विषयों को ध्यान रखना चाहिए शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य, भावानात्मक स्वास्थ्य, हमारे विचार, हमारी कार्यात्मक जीवन शैली, सामाजिक सम्बन्ध। शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं शारीरिक स्वास्थ्य के बिना मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य के बिना शारीरिक स्वास्थ्य की कल्पना करना संभव नहीं है। अतः हमें आयुर्वेद के बताए हुए आहार–विहार के नियमानुसार शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। हम दूसरे के लिए जीतें हैं लेकिन अपने लिए जीना भूल जाते हैं दूसरों के भावनाओं के साथ हमें अपनी भावनाओं का भी ख्याल रखना चाहिए। आयुर्वेद में बताए गए सद्वृत के नियमानुसार अपने विचारों को पवित्र रखना चाहिए। अपने कार्यात्मक जीवन को अच्छी प्रकार करते हुए अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। आजकल के युवा सोशल मीडिया को ही सामाजिक जीवन मान चुके है। झूठे सोशल मीडिया पटल पर समय व्यतीत करने के बजाय हमें समाज में एक दूसरे से मिलना चाहिए। एक दूसरे को समझना चाहिए मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है समाज में समय देनें पर हम मानसिक स्वास्थ्य व नए अनुभव प्राप्त होने के कारण हमारी कार्यकुशलता भी बढ़ती है। समाजिक व्यक्ति कभी अवसाद से ग्रसित नहीं होता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. शंकरदयाल उपाध्याय ने किया कार्यक्रम का संयोजन आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय ने किया कार्यक्रम में आयुर्वेद कॉलेज के सभी आचार्य एवं बीएएमएस द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## विश्व गठिया दिवस

## महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई




कार्यक्रम में सरस्वती वंदना करते विद्यार्थी एवं प्राध्यापक



विद्यार्थियो को सम्बोधित करते प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन.एस.

दिनांकः 12 अक्टूबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अन्तर्गत संचालित गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (आयुर्वेद कॉलेज) में महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई द्वारा विश्व गठिया दिवस मनाया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अभिजीत, परामर्श चिकित्सक, काय चिकित्सा विभाग ने अपने व्याख्यान में गठिया दिवस 2023 की थीम के विवरण करते हुए कहा गठिया से बचाओ अपने हाथों में है। लाइफस्टाइल में सुधार करके और कुछ बातों का ध्यान रखकर गठिया रोग से बचाव किया जा सकता है।

उन्होंने विद्यार्थियों को बिलकुल ही आसान शब्दों में बताते हुए रचनात्मक एवं चिकित्सा के दृष्टिकोण विवरण दिए। अध्यक्षीय भाषण गुरू गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को अपने दैनंदिन कार्य में शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाना चाहिए जिससे उम्र के ढलने से अनेकों बीमारियों से बचा जा सकता। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन एवं धन्वंतरी वंदना कर कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन बीएएमएस द्वितीय वर्ष के छात्रा जान्हवी राय, आभार ज्ञापन एवं कार्यक्रम का समन्वयक महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाइ के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जशोबन्त डनसना ने किया।

## अमृत कलश यात्रा

## राष्ट्रीय सेवा योजना




विश्वविद्यालय में निकाली गई अमृत कलश यात्रा



अमृत कलश में चावल व मिट्टी डालते माननीय कुलपति जी

दिनांकः **12 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत कलश यात्रा निकाली गयी जिसका शुभारंभ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर माननीय कुलपति जी मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार बाजपेई एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के द्वारा अमृत कलश में चावल और मिट्टी डालकर प्रारंभ किया गया। कलश यात्रा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से होते हुए मां पाटेश्वरी सेवा आश्रम के सामने से गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग पहुंची जहां कलश में प्राचार्य डॉ. डी. एस. अजीथा एवं समस्त कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा चावल मिट्टी डाला गया, उसके उपरांत कलश यात्रा महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में गई जहां प्राचार्य डॉ. रोहित कुमार श्रीवास्तव द्वारा उसका स्वागत किया गया और सभी विद्यार्थियों ने कलश में अपने गांव से लाई हुई मिट्टी और चावल डालें अगली कड़ी यात्रा गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस, सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय, कृषि संकाय गई जहां पर सभी छात्रों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ चावल व मिट्टी को अमृत कलश में डाला। कलश यात्रा के शुभारंभ में विश्वविद्यालय के कुलपति जी ने अमृत कलश का निर्माण क्यों किया जाता है इससे हमें क्या शिक्षा लेनी चाहिए और हमें अपने माटी के साथ जुड़े रहने के और मिट्टी के लिए कुछ कर गुजरने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जसोवंत डनसना, डॉ. विकास कुमार यादव सुश्री अमृता, सुश्री सत्यभामा, सुश्री खुशबू मोदनवाल, सुप्रिया गुप्ता, श्री धनंजय पाण्डेय के अतिरिक्त सभी इकाइयों के स्वयंसेवक एवं विश्वविद्यालय के सभी अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## पंचप्रण शपथ ग्रहण

## महायोगी उदयनाथ, महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ



पंचप्रण की शपथ ग्रहण करते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

दिनांकः **13 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों द्वारा पंचप्रण की शपथ दिलायी गयी। राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी उदयनाथ, महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ ईकाई द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने सभी को राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल अवधारणा से अवगत कराते हुए बताया गया कि इसका का मुख्य उद्देश्य सेवा के माध्यम से ही शिक्षा देना है। पंचप्रण के सभी बिंदु पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा की व्यक्ति को मनसा, वाचा और कर्मणा से देश को विकसित, एकता, अखंडता और गुलामी के मानसिकता के प्रति जागरूक होकर समाज और देश के विकाश हेतु सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शिवम पाण्डेय ने सभी को पंचप्रण की शपथ दिलाई जिसमें विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी के हर अंश से मुक्ति पाना, अपनी विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता एवं नागरिक में अपने कर्तव्यों की भावना और अपने दायित्वों का निर्वाह करना शामिल था।

कार्यक्रम में गुरु श्री गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेय, डॉ. विकास यादव एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे।

महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई. महायोगी संतोषनाथ के द्वारा अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'अमृत कलश' के पंचप्रण' का शपथ ग्रहण दिलाया गया।

## पंचप्रण शपथ ग्रहण

## महायोगी संतोषनाथ इकाई



पंचप्रण की शपथ ग्रहण करते पैरामेडिकल कॉलेज के विद्यार्थी

दिनांकः **13 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत महंत अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी संतोषनाथ के द्वारा अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'अमृत काल के पंचप्रण' का शपथ ग्रहण कराया गया।

पंचप्रण के लिए सभी ने शपथ लिया कि–''मैं शपथ लेता/लेती हूं कि मैं विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगी/निभाऊंगा। मैं शपथ लेता/लेती हूं कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी। मैं शपथ लेती/लेता हूं कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगी/करूंगा और उसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा। मैं शपथ लेता/लेती हूं कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगी/रहूंगा। मैं शपथ लेता/लेता हूं कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगी/करूंगा तथा देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगी/रहूंगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व पैरामेडिकल के समस्त शिक्षकगण ने विशेष भूमिका निभाई।

## पंचप्रण शपथ ग्रहण

## महायोगी अचल अचम्बेनाथ एवं महायोगी सत्यनाथ


पंचप्रण की शपथ ग्रहण लेते स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी

दिनांकः **13 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या डॉ. डी. एस. अजीथा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी अचल अचंभेनाथ एवं महायोगी सत्यनाथ के द्वारा अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'अमृत काल के पंचप्रण' का शपथ ग्रहण कराया गया।

पंचप्रण के लिए सभी ने शपथ लिया कि– ''मैं शपथ लेता/लेती हूं कि मैं विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाऊंगी/निभाऊंगा। मैं शपथ लेता/लेती हूं कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति के लिए हर संभव प्रयास करूंगा/करूंगी, मैं शपथ लेती/लेता हूं कि देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करूंगी/ करूंगा और उसके उत्थान के लिए हमेशा कार्य करता रहूंगा, मैं शपथ लेता/लेती हूं कि देश की एकता और एकजुटता के लिए सदैव प्रयासरत रहूंगी/रहूंगा, मैं शपथ लेता/लेता हूं कि राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पालन करूंगी/करूंगा तथा देश के गौरव के लिए प्राण देने वाले वीरों से प्रेरित होकर राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और प्रगति के लिए समर्पित रहूंगी/रहूंगा।

## मिशन शक्ति

## राष्ट्रीय सेवा योजना







मिशन शक्ति के अंतर्गत रैली निकालते राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक




प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में छात्र–छात्राओं को मिशन शक्ति की जानकारी देते स्वयसेवक

दिनांकः 14 अक्टूबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा मिशन शक्ति फेस 4 के अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा सम्मान एवं स्वालंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान का शुभारंभ करने के लिए माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज निर्देशानुसार मिशन शक्ति रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के द्वारा किया गया। रैली विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर सोनबरसा ग्राम होते हुए प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा तक गई वहां पुनः वापस आकर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर समाप्त हुई। सम्पूर्ण रैली के दौरान छात्राओं ने महिलाओं को जगह–जगह रुककर जागरुक किया।

## विश्व खाद्य दिवस

## महायोगी आदिनाथ इकाई

दिनांकः 16 अक्टूबर, 2023 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कृषि संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत महायोगी आदिनाथ इकाई द्वारा विश्व खाद्य दिवस पर व्याख्यान का आयोजन कराया गया।

कार्यक्रम का संचालन महायोगी आदिनाथ इकाई के छात्र प्रमुख अनिकेत मल्ल के द्वारा किया गया। कृषि विज्ञान के सहायक अध्यापक डॉ. हरी कृष्ण ने व्याख्यान देते हुए खाद्य सुरक्षा, पोषण के लिए खाद्य प्रणाली व भूखमरी की समस्या के प्रति जागरूक किया और खाद्य एवं कृषि संगठन के गठन व उद्देश्य पर भी प्रकाश डाला।



विश्व खाद्य दिवस पर विद्यार्थियों को सम्बोधित करते डॉ. हरि कृष्ण

इस दौरान कृषि स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र शुभम मौर्य द्वारा खाद्य प्रबंधन एवं आलोक जायसवाल द्वारा वैश्विक भूखमरी सूची पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कृषि संकाय के सहायक अध्यापक डॉ. प्रवीण सिंह एवं कृषि स्नातक प्रथम व द्वितीय वर्ष के सभी छात्र–. छात्राएं उपस्थित रहें। कार्यक्रम महायोगी आदिनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकाश कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में संपन्न कराया गया।



द्वीप प्रज्ज्वलन कर रक्तदान शिविर के शुभारंभ करते माननीय कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई जी व प्राध्यापकगण






मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह, राज्य सम्पर्क अधिकारी, उ.प्र., माननीय कुलपति, कुलसचिव व प्राध्यापक एवं रक्तदाता से कुशलक्षेम पूछती मुख्य अतिथि




रक्तदान करते प्राध्यापक डॉ. शकर दयाल उपाध्याय

दिनांकः **21 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए समाज सेवा को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार बाजपेई एवं कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने चिकित्सालय में स्थापित बाबा गोरखनाथ जी की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया। माननीय कुलपति जी के द्वारा शिविर उद्घाटन के उपरांत सर्वप्रथम कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव एवं आयुर्वेद कॉलेज के सहायक अध्यापक डॉ. शकर दयाल उपाध्याय ने रक्तदान कर प्रारंभ किया। इसके उपरांत विश्वविद्यालय मे कार्यरत अध्यापक, कर्मचारी विद्यार्थियों में डॉ. गोपी कृष्णा, सागर जायसवाल, अंशिका सिंह, कृष्णा त्रिपाठी, रश्मि जायसवाल, अमृता सिंह, ऋषि सिंह, नीतू शुक्ला, रागनी त्रिपाठी, केशव राय, मान त्रिपाठी, नीतेश प्रताप सिंह, पूजा सिंह, निधि कुशवाहा, विपुल प्रजाप्रति, रागनी श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, नीतेश पासवान, अर्पणा चतुर्वेदी इत्यादि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर की समाप्ति के समय कुल 44 यूनिट ब्लड गुरू श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट्स सेंटर को समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, समस्त इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्री धनंजय पांडे, सुश्री सत्यभामा, डॉ. विकास कुमार यादव राष्ट्रीय कैडेट कोर के एएनओ डॉ. हरिकृष्ण एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के संरक्षक डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कामिनी अमन, विष्णु, अशोक, यशवीर, सिमरन, शुभम, इवा देवेज्य, अभिजीत आदि ने योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉ. जी. के. मिश्रा एवं समस्त कर्मचारियों के सहयोग रहा।

# मिशन शक्ति (मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण)



मानव श्रृंखला के दौरान विद्यार्थियों को उत्साहवर्धन करतीं मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह साथ में माननीय कुलपति, कुलसचिव व प्राध्यापकगण



डॉ. मंजू सिंह जी को स्मृति चिन्ह् भेंट करते माननीय कुलपति जी



मानव श्रृंखला के दौरान मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह जी



स्वयंसेवकों द्वारा बनाई गई मानव श्रृंखला

दिनांकः **21 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान ने मिशन शक्ति 4.0 कार्यक्रम के अंतर्गत मानव श्रृखला एवं बालिका शपथ का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मंजू सिंह विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठ, विभाग) उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल बाजपेई तथा कुलसचिव डॉ. प्रदीप राव उपस्थित रहें।

कार्यक्रम सर्वप्रथम स्वयंसेविका शगुन शाही द्वारा सभी को 'बालिका शपथ ग्रहण' कराया जिसमें बालिकाओं की सुरक्षा और उन्हें स्वावलंबी बनाने में अपना योगदान देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि अब बालिकाओं को चुप्पी तोड़नी होगी और आगे बढ़ना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह अपनी कक्षा में सर्वे कराये व बालिकाओं को देखे कहां सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता है, उन्हें कार्यक्रम के माध्यम से उपलब्ध कराएं, सभी विद्यार्थियों से हाथ ऊपर करके एक साथ एक समय संकल्प लेने को कहा कि बेटियों की सुरक्षा में सभी की अहम भूमिका होनी चाहिए। उसके उपरांत मानव श्रृखला में उपस्थित सभी से मिली। उसके उपरान्त राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा लगाये गये। आज के रक्तदान शिविर में रक्तदाता और स्वयंसेवक से मिलकर उनका उत्साह बढाया। समस्त मानव श्रृंखला में लगभग 758 विद्यार्थियों में प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डी. एस. अजीथा अधिष्ठाता, कृषि संकाय डॉ. विमल दूबे पैरामेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित श्रीवास्तव एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकाश कुमार यादव, सुश्री सत्यभामा, सुश्री अमृता, श्री धन्न्जय पाण्डेय श्रीमति प्रज्ञा पाण्डेय के अलावा सभी विभाग के शिक्षक एवं स्वयसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक शिवम् पाण्डेय द्वारा किया गया।

# सड़क सुरक्षा अभियान

# राष्ट्रीय सेवा योजना





सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धित जानकारी देते स्वयंसेवक



सुरक्षा कर्मियों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते डॉ. धनंजय पाण्डेय

दिनांकः **21 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी उदयनाथ इकाई के द्वारा रोड सेफ्टी क्लब के माध्यम से सडक सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसे सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ. सुनील कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा कर प्रारम्भ किया। इस अभियान में समस्त विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा से सम्बंधित जागरुकता रैली निकाली, जो विश्वविद्यालय गेट से प्रारम्भ होकर विभिन्न गांव बालापार, सोनबरसा, सिक्टौर, मानीराम गई जहां जनमानस को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों से अवगत कराया गया।

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी तथा भविष्य में इसके पालन करने को प्रेरित किया। यह अभियान विश्वविद्यालय के महायोगी उदयनाथ इकाई के कार्यक्रम अधिकारी श्री धनंजय पाण्डेये जी के कुशल देखरेख में संपन्न हुआ जिसमे विभाग के समस्त विद्यार्थियों की एकीकृत सहभागिता रही।

# खादी महोत्सव

# महायोगी संतोषनाथ इकाई



खादी महोत्सव पर व्याख्यान देते हुए श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव

दिनांकः **30 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा खादी महोत्सव 02 अक्टूबर, 2023 से 31 अक्टूबर, 2023 के अंतर्गत होने वाले 'ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता' में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया हैं एवं महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज की ईकाई महायोगी संतोषनाथ इकाई द्वारा खादी महोत्सव पर 'वोकल फॉर लोकल' पर व्याख्यान का आयोजन किया। जिसमें मुख्य वक्ता पैरामेडिकल संकाय के प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि खादी की शुरुआत सन् 1920 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा की गयी थी खादी एक हाथ से बुना हुआ सूती कपड़ा है जो चरखे द्वारा काते गए सूत से निर्मित होता है। खादी को स्वंत्रता संग्राम के प्रतीकों में से एक माना गया है और कपड़े की खुदरी बनावट के नाते इसे खादी का नाम दिया गया साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' के बारे में अवगत कराया व खादी से बने उत्पादों को उपयोग करने की सलाह दी। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में विभाग के समस्त शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महायोगी सन्तोषनाथ ईकाई के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता ने किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना NATIONAL SERVICE SCHEME

## पोस्टर प्रस्तुति



छात्रा द्वारा बनाए पोस्टर का अवलोकन करते प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव

## महायोगी संतोषनाथ इकाई

दिनांकः **31 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी संतोषनाथ द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महायोगी सन्तोषनाथ ईकाई की कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सुप्रिया गुप्ता व कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री कुंवर अभिनव सिंह राठौड़ व श्री शुभम कुमार मौर्या ने विशेष भूमिका निभाई।

## पोस्टर प्रस्तुति

## महायोगी अचल अचम्बेनाथ, महायोगी सत्यनाथ, महायोगी संतोषनाथ

दिनांकः **31 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के अवसर पर यूनिटी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे सभी छात्रा ने राष्ट्रीय एकता का शपथ लिया। जिसमें बी.एस.सी. नर्सिंग 5 सेमेस्टर की छात्रा नीलिमा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बच्चों को इकता का महत्व बताया।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शपथ लेते विद्यार्थी

इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी अचल अचम्बेनाथ, महायोगी सत्यनाथ, महायोगी संतोषनाथ के कार्यक्रम अधिकारी सुश्री सत्यभामा सिंह, सुश्री श्रुति कुशवाहा, सुश्री अमृता व सुश्री सुप्रिया गुप्ता द्वारा संपन किया गया। यह कार्यक्रम गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डी.एस. अजीथा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## अमृत कलश यात्रा समापन समारोह

दिनांकः **31 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा संचालित **'मेरी माटी मेरा देश'** कार्यक्रम के अंतर्गत दिनाक – 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक के लिए शिवम पाण्डेय को गोरखपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया था। वह संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के बीएससी बॉयोटेक्नोलॉजी द्वितीय वर्ष का छात्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के महायोगी उदयनाथ इकाई के स्वयंसेवक हैं। दिनांक 28 अक्टूबर 2023 को शाम 4:00 बजे उत्तर प्रदेश की राजधानी में सभी जिलों की एक प्रतिनिधि मंडल वृंदावन झूलेलाल वाटिका लखनऊ में एकत्रित हुए जहां पर उत्तर प्रदेश की मुख्य मुख्यमंत्री आदरणीय योगी आदित्यनाथ जी महाराज, पर्यटन मंत्री संस्कृति मंत्री आदि ने उत्तर प्रदेश में आजादी के अमृत कलश यात्रा मैं समापन किया और हरी झंडी दिखाकर उन्होंने देश की राजधानी नई दिल्ली में कर्तव्य पथ के लिए रवानगी किया। इसके साथ देश भर से 28 राज 8 केंद्रीय शासित प्रदेश 55 केंद्रीय मंत्रालय के लोग वहां पर 31 अक्टूबर 2023 शाम 4:00 बजे कर्तव्य पथ पर एकत्रित हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं सभी केंद्रीय मंत्री द्वारा समापन किया गया।



समापन कार्यक्रम में कर्त्तव्य पथ पर कलश के साथ पहुंचे शिवम पाण्डेय

## पोस्टर प्रस्तुति ||| ||| महायोगी अचल अचम्बेनाथ, महायोगी सत्यनाथ, महायोगी संतोषनाथ



मेरी माटी, मेरा देश, कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखते विद्यार्थी



राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण करते विद्यार्थी एवं प्राध्यापकगण




पोस्टर प्रस्तुति देती पैरामेडिकल की छात्रा



राष्ट्रीय एकता की शपथ ग्रहण करते विश्वविद्यालय के विद्यार्थी

**दिनांक : 31 अक्टूबर, 2023** को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत विभिन्न इकाईयों द्वारा आधुनिक भारत निर्माता, एकीकृत भारत के जनक लौह पुरुष 'भारत रत्न' सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई महायोगी अचल अचंभेनाथ, महायोगी सत्यनाथ, महायोगी संतोषनाथ ने संयुक्त रूप से गुरू श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रार्थना सभा में कॉलेज की प्राचार्य डॉ. डी. एस. अजीथा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बीएससी नर्सिंग की छात्रा नीलिमा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन परिचय एवं जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता का महत्व बताया एवं सभी को एकता की शपथ दिलायी एवं महायोगी आदिनाथ व महायोगी उदयनाथ के द्वारा व्याख्यान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बीसीएस बायोटेक की छात्रा शगुन ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के जीवन परिचय बताया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे ने अपने व्याख्यान में बताया कि सरदार बल्लभ भाई पटेल ने किस प्रकार भारत देश को आत्मनिर्भर भारत के रूप में उभारे है, एकता ही मनुष्य को उच्च स्थान दिलाती है अकेला व्यक्ति कोई भी कार्य संपन्न नहीं कर सकता इसके लिए एक ग्रुप की आवश्यकता होती है। कार्यक्रम की अगली कड़ी में स्वयंसेविका अंजली ने सभी को एकता की शपथ दिलायी तथा महायोगी आदिनाथ व महायोगी संतोषनाथ इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर परिसर में स्वच्छता एवं पौध संरक्षण का कार्यक्रम चलाया जिसमे सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विश्वविद्यालय के प्रांगण में साफ–सफाई एवं पौधो के संरक्षण की व्यवस्था की।

महायोगी सन्तोषनाथ इकाई द्वारा महन्त अवेद्यनाथ पैरामेडिकल कॉलेज में प्राचार्य श्री रोहित कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में पोस्टर प्रस्तुति का आयोजन किया गया जिसमे विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समस्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार यादव, श्री धनन्जय पाण्डेय, सुश्री सुप्रिया गुप्ता, सुश्री सत्यभामा एवं आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एन. एस. एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

# महायोगी गोरखनाथ विवि के रक्तदान शिविर में 51 यूनिट ब्लड संग्रहित

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना ने डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए समाज सेवा को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया गया। शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने चिकित्सालय में स्थापित बाबा गोरखनाथ की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलन कर किया। औपचारिक उद्घाटन के बाद कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव एवं आयुर्वेद कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ.शकर दयाल उपाध्याय ने रक्तदान किया। इसके उपरांत विश्वविद्यालय में कार्यरत अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों में डॉ गोपी कृष्णा, सागर जायसवाल, अंशिका सिंह, कृष्णा त्रिपाठी, रश्मि जायसवाल, अमृता सिंह, ऋषि सिंह, नीतू शुक्ला, रागिनी त्रिपाठी, केशव राय, मान त्रिपाठी, नीतेश प्रताप सिंह, पूजा सिंह, निधि कुशवाहा, विपुल प्रजापति, रागिनी श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, नीतेश पासवान, अर्पणा चतुर्वेदी आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर की समाप्ति के समय कुल 51 यूनिट ब्लड गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट्स सेंटर को समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया।



शिविर को सफल बनाने में अस्पताल प्रबंधक डॉ जीके मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडे, सत्यभामा, डॉ. विकास कुमार यादव राष्ट्रीय कैडेट कोर के डॉ.हरिकृष्ण, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कामिनी चौरसिया, अमन, विष्णु, अशोक, यशवीर, सिमरन यादव, शुभम, इवा लाबिया, दिविज्या , अभिजीत आदि का सराहनीय योगदान रहा। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी उदायनाथ इकाई के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सडक सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसे सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डॉ सुनील कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा कर प्रारंभ किया गया। इस अभियान में समस्त विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी क्लब रैली निकाली,जो विश्वविद्यालय गेट सामने से होती हुई बालापार स्थित विभिन्न गांव सोन बरसा, सिकटोर,मानीराम गई जहां जनमानस को सड़क सुरक्षा संबंधित नियमो से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी तथा भविष्य में इसके पालन करने को प्रेरित किया।

epaper हिन्दुस्तान ×

## महायोगी गोरखनाथ विवि में 51 छात्रों ने किया रक्तदान



गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप राव ने शिविर में रक्तदान किया।

**शिविर**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पूर्वी यूपी में डेंगू का प्रकोप फैला हुआ है। इसमें मरीजों को प्लेटलेट्स चढ़ाना पड़ रहा है। मरीजों के लिए महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना ने बड़ी पहल की। विवि की एनएसएस टीम ने शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया।

उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने किया। कुलसचिव [illegible] किया। इसके बाद डॉ गोपी कृष्णा, सागर जायसवाल, अंशिका सिंह, कृष्णा त्रिपाठी, रश्मि जायसवाल, अमृता सिंह, ऋषि सिंह, नीतू शुक्ला, रागिनी त्रिपाठी, केशव राय, मान त्रिपाठी, नीतेश प्रताप सिंह, पूजा सिंह, निधि कुशवाहा, विपुल प्रजापति, रागिनी श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, नीतेश पासवान, अर्पणा चतुर्वेदी समेत 51 छात्रों ने रक्तदान किया।

गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही। अस्पताल प्रबंधक डॉ जीके मिश्रा, डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, [illegible] कुमार श्रीवास्तव, कामिनी चौरसिया

## महायोगी गोरखनाथ विवि के रक्तदान शिविर में 51 यूनिट ब्लड संग्रहित

भास्कर ब्यूरो

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना ने डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए समाज सेवा को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को गुरु गोरखनाथ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया गया।

शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) अतुल कुमार वाजपेयी एवं कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने चिकित्सालय में स्थापित बाबा गोरखनाथ की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलन कर किया। औपचारिक उद्घाटन के बाद कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव एवं आयुर्वेद कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ.शकर दयाल उपाध्याय ने रक्तदान किया। इसके उपरांत विश्वविद्यालय में कार्यरत अध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों में डॉ. गोपी कृष्णा, सागर जायसवाल, अंशिका सिंह, कृष्णा त्रिपाठी, रश्मि जायसवाल, अमृता सिंह, ऋषि सिंह, नीतू शुक्ला, रागिनी त्रिपाठी, केशव राय, मान त्रिपाठी, नीतेश प्रताप सिंह, पूजा सिंह, निधि कुशवाहा, विपुल प्रजापति, रागिनी श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, नीतेश पासवान, अर्पणा चतुर्वेदी आदि ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर की समाप्ति के समय कुल 51 यूनिट ब्लड गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक एवं कंपोनेंट्स सेंटर को समाज सेवा के लिए समर्पित किया गया। शिविर को सफल बनाने में अस्पताल प्रबंधक डॉ जीके मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दुबे, कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पांडे, सत्यभामा, डॉ. विकास कुमार यादव राष्ट्रीय कैडेट कोर के डॉ.हरिकृष्ण, डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कामिनी चौरसिया, अमन, विष्णु, अशोक, यशवीर, सिमरन यादव, शुभम, इवा लाबिया, दिविज्या , अभिजीत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# बालिकाओं को अब तोड़नी होगी चुप्पी : डॉ. मंजू सिंह

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान ने मिशन शक्ति 4.0 के अंतर्गत मानव श्रृंखला एवं बालिका शपथ का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डा. मंजू सिंह विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी (राष्ट्रीय सेवा योजना) उत्तर प्रदेश शासन, कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल वाजपेयी एवं कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति के तहत बनायी मानव श्रृंखला, ली शपथ**

स्वयंसेविका शगुन शाही द्वारा सभी को बालिका शपथ दिलाई गई। लोगों ने बालिकाओं की सुरक्षा और उन्हें स्वावलंबी बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डा. मंजू सिंह ने कहा कि अब बालिकाओं को चुप्पी तोड़नी होगी और आगे बढ़ना होगा। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों से अनुरोध किया कि वह अपनी कक्षा में सर्वे कराकर यह पता लगाएं बालिकाओं को कहां सुरक्षा की जरूरत पड़ती है। उसके उपरांत बनाई गई मानव श्रृंखला में 758 छात्रों ने प्रतिभाग किया। आयोजन को सफल बनाने में कार्यक्रम समन्वयक डा. अखिलेश कुमार दूबे, नर्सिंग कालेज की प्राचार्य डा. डीएस अजीथा, अधिष्ठता कृषि संकाय डा. विमल दूबे, पैरामेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. रोहित श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. विकास कुमार यादव, सत्यभामा, अमृता, धन्जय पाण्डेय एवं प्रज्ञा पाण्डेय आदि का योगदान रहा।



महायोगी गोरखनाथ विवि. में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में आयोजित मानव श्रृंखला कार्यक्रम में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी व अन्य।



सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकलते गोरखनाथ विश्वविद्यालय के छात्र।

## सड़क सुरक्षा के लिए निकाली जागरुकता रैली

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी उदायनाथ इकाई के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सडक सुरक्षा अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसे सम्बद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो . डॉ सुनील कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखा कर प्रारंभ किया। यह रैली विश्वविद्यालय गेट सामने से होती हुई बालापार, सोनबरसा, सिकटोर,मानीराम गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी तथा भविष्य में इसके पालन करने को प्रेरित किया।

## शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान

**गोरखपुर (एसएनबी)।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ने डेंगू के प्रकोप के कारण हुई रक्त की कमी को देखते हुए समाज सेवा को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन गुरु गोरखनाथ इंस्टीचस्यूट आफ मेडिकल साइंस चिकित्सालय में किया गया।

शिविर का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डा. अतुल कुमार वाजपेयी एवं कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव ने चिकित्सालय में स्थापित बाबा गोरखनाथ की पूजा अर्चना के बाद दीप प्रज्वलन कर किया। औपचारिक उद्घाटन के बाद कुलसचिव डा. प्रदीप कुमार राव एवं आयुर्वेद कालेज के सहायक प्राध्यापक डा. शंकर दयाल उपायाय ने रक्तदान किया। इसके उपरांत विश्वविद्यालय में कार्यरत अध्यापक, कर्मचारी एवं छात्रों में डा. गोपी कृष्णा, सागर जायसवाल, आदि का योगदान रहा।

# मानव श्रृंखला बनाकर ली बालिका सुरक्षा की शपथ

**गोरखपुर, निज संवाददाता।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और सम्बद्ध कॉलेजों की एनएसएस इकाई द्वारा शनिवार को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर मिशन शक्ति को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों ने मानव श्रृंखला बनाई और बालिका सुरक्षा की शपथ ली।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि हमें महिलाओं को सशक्त करना है और मानवता में नए रंग भरना है। नारी को उसका अधिकार खुद की जागरूकता से ही मिल सकता है। राज्य संपर्क अधिकारी व कार्यक्रम समन्वयक प्रो. मंजू सिंह ने कहा कि नारी को अपने को सशक्त करने के लिए पहले शिक्षित होना होगा, क्योंकि शिक्षा के माध्यम से ही वह अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकती है।

इस दौरान कुलसचिव प्रो. शांतनु रस्तोगी, मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र पांडेय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. अश्वनी मिश्र, प्रो. कुमुद त्रिपाठी, डॉ. जितेंद्र कुमार समेत विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक आदि मौजूद रहे।

# महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर

आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर उत्तर प्रदेश-273007

# राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रकाशक**

**राष्ट्रीय सेवा योजना**



coordinator.nss@mgug.ac.in, mguniversitygkp@mgug.ac.in www.mgug.ac.in